गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

coe@ggtu.ac.in

क्रमांकः– एफ ( ) गोगुजवि / बाँस / परीक्षा / 2024 / 1456 दिनांकः 25.02.2025

प्रति

समस्त प्राचार्य / केन्द्राधीक्षक,
राजकीय एवं निजी महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र,
बाँसवाड़ा, डूँगरपुर एवं प्रतापगढ़।

विषयः– विश्वविद्यालय परीक्षा कार्य पूरी तत्परता एवं नियमानुसार समय पर पूरा करने बाबत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषय अंतर्गत लेख है किः–

1. परीक्षा अनुभाग द्वारा प्राप्त प्रबोधन के आधार पर अधोहस्ताक्षरकर्ता के संज्ञान में आया है कि कतिपय राजकीय / निजी महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र विश्वविद्यालय परीक्षा संचालन एवं परीक्षा उपरांत की जाने वाली समस्त आवश्यक प्रक्रियाएं समय पर पूरी नही कर रहे है।
2. सत्र 2024–25 के NEP पाठ्यक्रम के सेमेस्टर परीक्षा समाप्त होने के एक माह होने के उपरांत भी कुछ परीक्षा केन्द्रों ने अद्य दिनांक तक जनरेट चालान के अनुसार सामग्री पैक कर नही रखी। इस कारण सामग्री संग्रहण में अत्यधिक असुविधा एवं देरी हो रही है। जिसके कारण परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम तैयार होने में अनावश्यक देरी हो रही है।
3. इस पत्र के माध्यम से समस्त केन्द्राधीक्षकों से आग्रह किया जा रहा है कि विश्वविद्यालय परीक्षा संचालन पूर्व प्रेषित परीक्षा अनुदेशिका 2024–25 के अनुरूप करें एवं परीक्षा समाप्ति उपरांत जनरेट चालान के अनुसार अंसरबुक बण्डल नियमानुसार तैयार रखें ताकि सामग्री संग्रहण में अनावश्यक देरी न होवें।
4. बिन्दु सं. 3 के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करावें अन्यथा संबंधित परीक्षा केन्द्र के विरूद्ध राजकीय नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु राज्य सरकार को सूचित किया जाएगा एवं संबंधित केन्द्र के विरूद्ध विश्वविद्यालय नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

उपकुलसचिव

क्रमांक :– एफ ( ) गोगुजवि / बाँस / परीक्षा / 2024 / 1457 दिनांकः 25.02.2025

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त महोदय, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा, उदयपुर क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर।
3. वित्त नियंत्रक, जीजीटीयू, बाँसवाड़ा।
4. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, जीजीटीयू, बाँसवाड़ा।
5. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियत्रंक